**अर्द्धवार्षिक परीक्षा - 2023**
**कक्षा – 10 (सेट A )**
**विषय - हिन्दी**

**पूर्णांक – 75**

**समय – 3 घंटा**

**निर्देश :-**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं |
iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं | प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं |
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है |
v. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं |
vi. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है | शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं |
vii. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए -** **(1x6=6)**

i. आधुनिक काल का आरम्भ माना जाता है –

(अ) संवत् 1900 से (ब) संवत् 1050 से (स) संवत् 1375 से (द) संवत् 1800 से

ii. प्रसाद जी को कामायनी पर पारितोषिक मिला –

(अ) ज्ञानपीठ (ब) दिनकर पारितोषिक (स) सरस्वती सम्मान (द) मंगलाप्रसाद पारितोषिक

iii. 'रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यं' परिभाषा है -

(अ) आचार्य विश्वनाथ की (ब) पं. जगन्नाथ की (स) भरतमुनि की (द) मम्मट की

iv. 'नेताजी का चश्मा' कहानी का मूलभाव है -

(अ) शिक्षा का विकास (ब) समाज-सुधार (स) देशभक्ति की भावना (द) मूर्तिकला का विकास

v. क्रिया विशेषण में विशेषता बताई जाती है -

(अ) क्रिया की (ब) सर्वनाम की (स) काल की (द) संज्ञा की

vi. भोलानाथ और उसके साथी अपने घरौंदे के किवाड़ बनाते थे -

(अ) पेड़ के पत्तों से (ब) लकड़ी से (स) कागज से (द) दियासलाई की पेटियों से

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए –** **(1x6=6)**

i. ----------------कविता फागुन की मादकता को प्रकट कर रही है | (उत्साह/फसल/अट नहीं रही है)
ii. जहाँ एक शब्द का समान अर्थ में एक से अधिक बार क्रमशः प्रयोग होता वहाँ ---------------अलंकार होता है। (दृष्टांत/पुनरुक्तिप्रकाश/मानवीकरण)
iii. जिन छंदों की रचना मात्राओं की गणना के आधार पर होती हैं, उन्हें -----------छंद कहते हैं | (मात्रिक/वर्णिक/सवैया)
iv. शहनाई बजाने के लिए ---------------का प्रयोग होता है | (लकड़ी/रीड/बाँस)
v. जिन वाक्यों में कार्य के होने में संदेह अथवा संभावना का बोध हो, उन्हें ------------- वाक्य कहते हैं | (संदेहवाचक/इच्छावाचक/विस्मयादिबोधक)
vi. कवी-लोंग स्टॉक में --------------फिल्म की शूटिंग हुई थी | (उपकार/गाइड/बॉर्डर)

**3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए –** **(1x6=6)**

i. वात्सल्य और श्रृंगार रस के श्रेष्ठ कवि सूरदास को माना गया है |

https://www.mpboardonline.com

ii जहाँ किसी वस्तु या विषय का वर्णन बढ़ा-चढ़ाकर किया जाए वहाँ 'अन्योक्ति अलंकार' होता है ?
iii. नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थककर लेट गए।
iv. एक अंक वाली रचना एकांकी कहलाती है।
v. वाच्य के चार प्रकार हैं।
vi. हिरोशिमा भारत में है।

**4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** **(1x6=6)**

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|
| i आधुनिक कबीर | (क) जो उपजी सो भई हमारी |
| ii चौपाई | (ख) दोहरा लाभ |
| iii आवृत | (ग) तीन |
| iv संधि के प्रकार | (घ) नागार्जुन |
| v आम के आम गुठलियों के दाम | (च) सममात्रिक छंद |
| vi ऊँच नीच में बई कियारी | (छ) खुला हुआ |
| | (ज) अर्द्धसममात्रिक छंद |
| | (झ) ढका हुआ |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –** **(1x6=6)**

i. राम-लक्ष्मण -परशुराम संवाद 'रामचरितमानस' के किस कांड से लिया गया है ?
ii 'रस' किसे कहते हैं ?
iii. मन्नू भण्डारी के पिता रसोई को क्या कहते थे ?
iv. वीर रस की कविताओं में कौन-सा शब्द गुण होता है ?
v. रहस्यमयी तारों भरी रात लेखिका मधु कांकरिया के मन में क्या जगा रही थी ?
vi. लेखक अज्ञेय ने 'हिरोशिमा' कविता कहाँ बैठकर लिखी थी ?

6. रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा गया है ? लिखिए। **(2)**

**अथवा**

प्रयोगवादी काव्य की कोई - दो विशेषताएँ / प्रवृत्तियाँ लिखिए।

7. जयशंकर प्रसाद अथवा सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- **(2)**

i. दो रचनाएँ ii. भावपक्ष-कलापक्ष

8. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या -क्या विशेषताएँ बताई हैं ? कोई दो विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**अथवा**

स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि जयशंकर प्रसाद का क्या आशय है ?

9. होली के आसपास प्रकृति में जो परिवर्तन दिखाई देते हैं, उन्हें अपने शब्दों में लिखिए। **(2)**

**अथवा**

बच्चे की मुसकान और बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है ? कोई दो अंतर लिखिए।

10. काव्य किसे कहते हैं ? काव्य के भेदों के नाम लिखिए। **(2)**

**अथवा**

अद्भुत रस का स्थायीभाव एवं एक उदाहरण लिखिए।

11. दोहा छंद के लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। **(2)**

**अथवा**

पुनरुक्तिप्रकाश अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

12. रेखाचित्र किसे कहते हैं ? कोई एक रेखाचित्र का नाम उसके रचनाकार के साथ लिखिए | (2)

**अथवा**

नाटक और एकांकी में कोई –दो अंतर लिखिए |

13. रामवृक्ष बेनीपुरी **अथवा** यतीन्द्र मिश्र की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए - (2)
i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली

14. बालगोबिन भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ? (2)

**अथवा**

लेखक यशपाल को नबाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं ?

15. लेखिका मन्नू भण्डारी के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा ? (2)

**अथवा**

सुषिर वाद्यों से क्या अभिप्राय है? शहनाई को 'सुषिर-वाद्यों' में शाह की उपाधि क्यों दी गई है?

16. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए – (2)
i. पूरब की और बहने वाली हवा ii. सबसे आगे रहने वाला

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए –
i. एक और एक ग्यारह होना ii. इति श्री होना

17. गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा जाता है ? (2)

**अथवा**

लेखक अज्ञेय के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों ?

18. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - (3)

मन की मन ही माँझ रही ।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही ।।

**अथवा**

फसल क्या है?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी-काली-संदली मिट्टी का गुण धर्म है
रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का !

19. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

https://www.mpboardonline.com

बार-बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी - जवानी - ज़िंदगी सबै कुछ होम देनेवालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढ़ती है। दुखी हो गए।

**अथवा**

नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़ दिया। नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर, वासना रसास्वादन कर खिड़की के बाहर फेंकते गए।

20. हाथ घड़ी का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कर लिखिए। **(3)**

**अथवा**

वार्षिकोत्सव की तैयारी को लेकर दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए।

21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(4)**

अंबर बने सुखों की चादर, धरती बने बिछौना।
मिट्टी से सोना उपजाओं , इस मिट्टी से सोना।
यह मिट्टी जगती की जननी, इसको करो प्रणाम।
कर्मयोग के साधक बनना, ही सेवा का काम।
हाली उठा हाथ से हल को, बीज प्रेम के बोना।
चना, मटर, जौ, धान, बाजरा और गेहूँ की बाली।
मिट्टी से सोना बन जाती, भर-भर देती थाली।
दूध-दही पी-पी मुस्काए, मेरा श्याम सलौना।

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न – i. अंबर किसकी चादर बना है ?
ii. श्याम सलौना क्या-क्या पीकर मुस्कुराता है ?
iii. उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

**अथवा**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में उसके मित्र भी होते हैं, शत्रु भी, परिचित भी, अपरिचित भी। जहाँ तक शत्रुओं, परिचितों और अपरिचितों का प्रश्न है, उन्हें पहचानना बहुत कठिन नहीं होता, किंतु मित्रों को पहचानना कठिन होता है। मुख्यतः सच्चे मित्रों को पहचानना बहुत कठिन होता है। यह प्रायः देखा गया है कि एक और तो बहुत से लोग अपने-अपने स्वार्थवश सम्पन्न, सुखी और बड़े आदमियों के मित्र बन जाते है या ज्यादा सही यह होगा कि यह दिखाना चाहते हैं कि वे मित्र हैं। इसके विपरीत जहाँ तक गरीब, निर्धन और दुःखी लोगों का प्रश्न है मित्र बनाना तो दूर रहा, लोग उनकी छाया से भी दूर भागते हैं। इसीलिए कोई व्यक्ति हमारा वास्तविक मित्र है या नहीं, इस बात का पता हमें तब तक नहीं लग सकता जब तक हम कोई विपत्ति में न हों। विपत्ति में नकली मित्र तो साथ छोड़ देते हैं और जो मित्र साथ नहीं छोड़ते, वास्तविक मित्र वे ही होते हैं।

प्रश्न – i. समाज में किसको पहचानना कठिन है ?
ii. सच्चे मित्र की पहचान कब होती है ?
iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

22. शिक्षण शुल्क माफ करवाने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन - पत्र लिखिए। **(4)**

**अथवा**

हाई स्कूल परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को एक बधाई- पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – **(4)**

i. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व
ii. मोबाइल के लाभ और हानि
iii. जल ही जीवन है
iv. पर्यावरण सुरक्षा
v. मेरी दिनचर्या

---

https://www.mpboardonline.com